हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 मार्च 2025

11 स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के प्रति किया जागरूक



12 आत्मरक्षा व यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूक किया



## खबर संक्षेप

### जिले में पंचायत उप चुनाव की तैयारी शुरू

**झज्जर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) प्रदीप दहिया ने पंचायत उप चुनाव 2025 के लिए वोटर लिस्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। यह प्रक्रिया 25 मार्च से शुरू हो चुकी है और आगामी 13 मई को अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित होगी। जिले के सातों ब्लॉकों झज्जर, बहादुरगढ़, बादली, बेरी, मातनहेल, साल्हावास, और माछरौली में यह कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि पंचायती राज संस्थानों की वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए एक समयबद्ध कार्यक्रम जारी किया गया है।

### जिले में निःशुल्क डायलिसिस सुविधा

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया की जिला में झज्जर और बहादुरगढ़ उपमंडल के नागरिक अस्पतालों में हरियाणा सरकार की निःशुल्क डायलिसिस सुविधा उपलब्ध है, जिसका किडनी रोगी लाभ उठा रहे हैं। इस सुविधा के तहत मरीजों को डायलिसिस के लिए निजी अस्पतालों में शुल्क देकर उपचार करने की जरूरत नहीं पड़ रही। उन्होंने कहा कि किडनी रोगी सरकार द्वारा दी जा रही इस सुविधा का लाभ उठाएं।

### दवाई लेने निकली महिला लापता





**बहादुरगढ़।** घर से दवाई लेने के लिए निकली एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर उसको तलाश चुके हैं लेकिन कुछ अता पता नहीं चल सका है। अब परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। यूपी मूल के आशीष का कहना है कि वह यहां सेक्टर 9 चौकी क्षेत्र में किराये पर रहता है। उसकी पत्नी संजू गत 16 मार्च को दवा लेने गई थी लेकिन वापस नहीं आई। अब तक उसे अपने स्तर पर ढूंढता रहा लेकिन नहीं मिली। उधर, सेक्टर 9 चौकी से जांच अधिकारी सचिन का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला की तलाश की जा रही है।

### साइक्लोथॉन : उदय पोर्टल पर करें रजिस्ट्रेशन : डीसी

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश लेकर साइक्लोथॉन आगामी 12 अप्रैल को जिले में प्रवेश करेगी। साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक जारी किया गया है। जिस पर कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कर सकता है। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है।

### कानोंदा में टावर पर लटका मिला शव

**बहादुरगढ़।** वीरवार की सुबह गांव कानोंदा में बिजली की एचटी लाइन के टावर पर एक व्यक्ति का शव लटका हुआ मिला। व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। पुलिस ने परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। सदर थाना पुलिस द्वारा घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान अशोक के रूप में हुई है। गांव कानोंदा का रहने वाला था। वह खेती बाड़ी करता था। दरअसल, वीरवार की सुबह गांव के लोग खेतों की तरफ घूमने गए थे। इस दौरान एक बिजली की लाइन के टावर पर व्यक्ति का शव लटका हुआ देखा गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। सूचना पाकर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। वहीं सदर थाने से पुलिस भी जांच करने पहुंची। शव को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। व्यक्ति द्वारा तनाव से तंग आकर यह कदम उठाए जाने की बात कही जा रही है।

# आढ़तियों व अधिकारियों के बीच नहीं बनी सहमति, अटकी सरसों की खरीद

## झज्जर : आढ़ती एसो. के प्रधान बोले, विभाग की शर्तों को अपने स्तर पर पूरा नहीं कर सकते

- आढ़तियों ने प्रशासन को एक दिन का समय दिया
- विभाग द्वारा शर्तें न मानने पर मंडी में सरसों न लाने का मैसेज भेजेंगे आढ़ती
- अब तक 35 हजार क्विंटल सरसों की आवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को भी सरसों की सरकारी खरीद नहीं हो पाई। जिसके कारण जहां किसान परेशान है, वहीं आढ़तियों की दिक्कतें बढ़ने लगी है। क्यूंकि सरसों की आवक में प्रतिदिन तेजी आ रही है, लेकिन आढ़तियों के पास सरसों रखने का स्थान नहीं है। अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान हरेंद्र सिलाना ने बताया कि सरसों की खरीद को लेकर विभाग द्वारा जो शर्ते निर्धारित की गई है। उन्हें आढ़ती अपने स्तर पर पूरा नहीं कर सकता। जिसके कारण सरसों की खरीद नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एसडीएम और विभागीय अधिकारियों के साथ आढ़तियों की बैठक भी हुई है। लेकिन आढ़तियों और अधिकारियों के बीच खरीद की शर्तो को लेकर सहमति नहीं बन पाई। उन्होंने कहा कि प्रशासन और विभाग को एक दिन का समय दिया गया है।

अगर फिर भी आढ़तियों की मांगों को नहीं माना जाता है तो किसानों को भी अनाज मंडी में सरसों नहीं लेकर आने का मैसेज भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक झज्जर अनाज मंडी में 35 हजार क्विंटल सरसों की आवक हो चुकी है।

## बहादुरगढ़ : हैफेड ने तीन दिन में खरीदी मात्र 1208 क्विंटल सरसों



**बहादुरगढ़।** शहर की अनाज मंडी में सरसों की खरीद प्रक्रिया जारी है। बीते तीन दिन में हैफेड की ओर से अब तक कुल 1208 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। बीते दो दिनों में खरीद प्रक्रिया में तेजी आई है। इससे पहले किसान प्राइवेट आढ़तियों को कम दामों में अपनी फसल बेचने को मजबूर थे। अब सरकारी खरीद होने के बाद उन्हें राहत मिली है। सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये तय किया गया है। जबकि प्राइवेट आढती 5500-5600 रुपये में फसल खरीद रहे थे। अधिकारियों का दावा है कि किसानों की फसलों का दाना-दाना खरीदा जाएगा। दरअसल, प्रदेश सरकार की ओर से तय की गई फसल खरीद की तिथि से 10 दिन बाद प्रक्रिया शुरू हुई। हैफेड एजेंसी की ओर से मंडी में बारदाना नहीं होने के कारण फसल 25 मार्च से फसल खरीद शुरू हुई। पहले दिन बहादुरगढ़ मंडी में 187 क्विंटल सरसों आई थी। इसमें से 87 क्विंटल की खरीद हुई। जबकि दूसरे दिन मंडी में किसानों की 612 क्विंटल सरसों की फसल बिक्री के लिए पहुंची। इसमें से 509 क्विंटल सरसों खरीदी गई। तीसरे दिन 675 क्विंटल सरसों लेकर किसान मंडी में पहुंचे। इसमें से 612 क्विंटल हैफेड एजेंसी द्वारा खरीदी गई। तीन दिनों में कुल 1208 क्विंटल सरसों खरीदी जा चुकी है।

### उपज की खरीद में तेजी

फसल की बिक्री तेज हो गई है। किसान भी फसल लेकर पहुंच रहे हैं। हैफेड की ओर से तीन दिन में 1200 क्विंटल से अधिक सरसों खरीदी जा चुकी है।
-**अंजू दलाल**, सचिव, मार्केट कमेटी बहादुरगढ़।

# चोरों के निशाने पर जिले के सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- रोहद स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वारदात

ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूल चोरों के लिए सॉफ्ट टारगेट बने हैं। आए दिन किसी न किसी गांव में सरकारी स्कूल को निशाना बनाया जा रहा है। अब गांव रोहद स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वारदात हो गई। आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।बीती रात को यह वारदात हुई। वीरवार की सुबह जब स्कूल खोला गया तो वारदात का पता चला। पुलिस को दी शिकायत में प्रिंसिपल रवि किरण ने कहा है कि सुबह सात बजे चौकीदार ने सूचना दी कि स्कूल के गेट के ताले टूटे हुए हैं और अंदर सारा सामान अस्त व्यस्त है। जिसके बाद स्टाफ सदस्य स्कूल में पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। स्कूल भवन और रसोई के ताले तोड़े गए थे। रसोई से दो सिलेंडर गायब थे। जबकि आफिस से दो इन्वर्टर बैट्री गायब मिली। वहीं, सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने प्रिंसिपल की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि इलाके में सरकारी स्कूलों में लगातार चोरी की वारदात हो रही हैं। रोहद, आसौदा, परनाला, कुलासी, छारा, नूना माजरा, लुकसर, कानोंदा सहित अन्य गांवों के स्कूलों में वारदात हो चुकी है। अधिकांश वारदात अनसुलझी हैं।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से मां-बेटी घायल

**बहादुरगढ़।** मुकुंदपुर मोड़ पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक महिला व उसकी डेढ़ वर्षीय बेटी बुरी तरह से घायल हो गई। बच्ची को गंभीर चोट आई है। उसे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में बामड़ोली की निवासी तनु का कहना है कि वह 26 मार्च को अपने बेटे का रिजल्ट लेने स्कूल जा रही थी। मेरी गोद में डेढ़ वर्षीय बेटी तान्शी भी थी। जब मुकुंदपुर मोड़ पर सड़क क्रास करने लगी तो इसी दौरान तेज गति में ट्रैक्टर आया और हमें टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में हमें काफी चोट आई। राहगीरों ने हमें संभाला और बहादुरगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बेटी को गंभीर चोट आई। इसलिए उसे दिल्ली के एक अस्पताल में ले जाया गया। यह हादसा ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के कारण हुआ है।

# अपहृत बच्ची की तलाश में पुलिस ने झोंकी ताकत, कई जगह छापेमारी

- पुलिस ने 200 सीसीटीवी खंगाले
- महिला के साथ दिखाई दी बच्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अपहृत बच्ची को तलाशने में स्थानीय पुलिस ने पूरी ताकत झोंक रखी है। दिल्ली सहित अन्य इलाकों की पुलिस से भी संपर्क साधा जा रहा है। वहीं फुटेज में बच्ची के साथ दिखाई दे रही महिला के संभावित ठिकानों पर भी ताबड़तोड़ दबिश दी जा रही हैं। लेकिन अभी तक कामयाबी नहीं मिल सकी है। एक तरफ जहां पुलिस की भागदौड़ बढ़ी हुई है, वहीं बच्ची का परिवार भी बेहद परेशान है। दरअसल, बिहार मूल का एक परिवार यहां कबाड़ी मार्केट में रहता है। सोमवार की देर शाम को इस परिवार की पांच वर्षीय बेटी संध्या संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। पुलिस ने 200 से अधिक कैमरों की फुटेज खंगाली तो बच्ची एक महिला के साथ दिखाई दी थी।

इस संबंध में अज्ञात महिला के खिलाफ सिटी थाने में अपहरण की धारा के तहत केस दर्ज किया गया है। महिला किन कारणों के चलते बच्ची को लेकर गई, यह फिलहाल सवाल बना हुआ है। उस तक पहुंचने के लिए सिटी पुलिस, सीआईए सहित कई टीमें लगी हुई है। दूसरे इलाके की पुलिस से भी संपर्क किया गया है। यहां तक कि फुटेज में दिखाई दे रही महिला के ठिकानों पर भी पुलिस दबिश दे चुकी है लेकिन कुछ अता पता नहीं है। बेटी न मिलने से परिवार का हाल बेहाल है। वहीं पुलिस भी परेशानी भी बढ़ी हुई है। मामले को सुलझाने के लिए पुलिस ने पूरी ताकत झोंक रखी है। एसएचओ हरेश कुमार का कहना है कि बच्ची को तलाशने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## दिल्ली की लापता युवती को तलाश रही पुलिस

**बहादुरगढ़।** दिल्ली की निवासी एक युवती बहादुरगढ़ के आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र से लापता हो गई है।

- 32 मनीषा दिल्ली के सावदा इलाके की रहने वाली
- एमआईई स्थित एक दुकान पर काम करती है

परिजनों के बयान पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। लापता युवती करीब 32 मनीषा दिल्ली के सावदा इलाके की रहने वाली है। वह यहां एमआईई स्थित एक दुकान पर काम करती है। परिजनों की मानें तो रोजमर्रा की तरह गत 25 मार्च को वह ड्यूटी पर गई थी। दोपहर करीब दो बजे दुकान से निकल गई लेकिन घर नहीं पहुंची। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की।

**नहीं लगा सुराग :** तमाम संभावित ठिकाने खंगाल चुके हैं, लेकिन कुछ सुराग नहीं लगा। उधर, एमआईई चौकी से जांच अधिकारी पवन कुमार का कहना है कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की युवती को तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## बातों में उलझाकर यूपीआई पासवर्ड पूछा और खाते से निकाल लिए हजारों रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली के निवासी एक व्यक्ति के साथ बहादुरगढ़ में चोरी और ठगी की वारदात हो गई। शातिरों ने चलते ऑटो में बातों में उलझाकर उसका मोबाइल व नकदी चुरा ली। फिर मोबाइल में यूपीआई के जरिये खाते से रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर 6 थाने में केस दर्ज हुआ है।

### दिल्ली के सुबोध से वारदात

वारदात सुबोध के साथ हुई है। दिल्ली के निवासी सुबोध का कहना है कि वह समयपुर बादली में जूते बनाने का काम करता है। कुछ दिन पहले बहादुरगढ़ के सेक्टर 17 में स्थित एक कंपनी से कच्चा माल लेने आया था। सामान लेने के बाद ऑटो में सवार होकर टीकरी बॉर्डर के लिए चल दिया। ऑटो में चालक के अलावा एक और युवक सवार था। जब गोरैया टूरिज्म कांप्लेक्स के पास पहुंचे तो चालक ने दो और युवक बैठा लिए। वे युवक मुझ से बातचीत करने लगे। बातों ही बातों में मुझसे मेरे फोन का यूपीआई पासवर्ड पूछ लिया।

### पुलिस ने केस दर्ज किया

इतना ही नहीं, मुझ से अपने खाते में रुपये मंगाने को कहा। उनके झांसे में आकर मैंने अपने भाई व पत्नी से रुपये मंगवा लिए। इसके बाद उन्होंने मुझे ऑटो से उतार दिया। मैंने बैग देखा तो उसमें से 30 हजार रुपये की नकदी और मेरा मोबाइल गायब था। बाद में पता लगा कि उन्होंने मेरे फोन में यूपीआई के जरिये खाते से 20 हजार 880 रुपये भी निकाल लिए हैं। फिर वह अपने घर चला गया। अब शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन पर छात्राओं ने बनाए पोस्टर

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता कराई गई। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अल्का गुलाटी ने की। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य डॉ. अल्का गुलाटी ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक है और इस तरह की प्रतियोगिताएं जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



**बहादुरगढ़।** पोस्टर का अवलोकन करते निर्णायक।

### नैंसी प्रथम, दीक्षा द्वितीय यामिनी व चिंटू तृतीय

डॉ. मोना, डॉ.सुनीता छिल्लर व डॉ. ऋतु ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पहला स्थान बीए फाइनल इयर की कुमारी नैंसी, दूसरा स्थान दीक्षा तथा तीसरा स्थान यामिनी व चिंटू ने पाया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. सुनीता छिल्लर व डॉ. ऋतु ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## तेजी से बढ़ रहा तापमान

**बहादुरगढ़।** मौसम बदल चुका है और तापमान तेजी से बढ़ रहा है। दोपहर के वक्त तेज धूप लोगों का पसीना निकाल रही है। वीरवार की दोपहर करीब दो बजे अधिकतम तापमान 37 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आए इस बदलाव का असर लोगों की दिनचर्या पर देखने को मिल रहा है। पहनावे से लेकर खान पान तक बदल गया है। बाजार में अब शीतल पेय पदार्थों व आइस्क्रीम आदि की बिक्री बढ़ने लगी है। मौसम में आए इस बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। अस्पतालों में ओपीडी बढ़ गई है। खांसी, जुकाम व सिरदर्द आदि की शिकायतें लेकर लोग अस्पताल में पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों की मानें तो बीते चंद दिनों से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। पसीना आ रहा है तो लोग ठंडा पानी पी रहे हैं। जिससे गला भी खराब हो रहा है।

## दरवाजे व फर्नीचर चोरी

**बहादुरगढ़।** बादली बाईपास पर स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर यहां से काफी सामान चुरा कर ले गए। मकान मालिक की शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।वारदात परमवीर के मकान में हुई है। पेलपा के निवासी परमवीर का कहना है कि उसने बादली बाईपास पर मकान बनाया है। गत 25 मार्च को मकान बंद कर अपने गांव चला गया। अगली सुबह आया तो मकान में सारा सामान अस्त व्यस्त था। जांच करने पर तीन लकड़ी के दरवाजे, तीन एल्युमीनियम के दरवाजे, तीन कुर्सी, चार पानी की टंकी, सबमर्सिबल की मोटर, पानी की टोंटी, प्लंबर का सामान, बिजली फिटिंग का सामान आदि गायब था। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। अज्ञात चोर वारदात को अंजाम दे गए हैं।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया लिंग जांच गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शामली में रेड कर पकड़े कोख के कातिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर





**झज्जर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पकड़े आरोपी।

स्वास्थ्य विभाग की टीम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध लिंग जांच गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली कि शामली उत्तर प्रदेश में अवैध लिंग निर्धारण कि गतिविधियां कि जा रही हैद्ध जिस पर कार्रवाई करते हुए पीएनडीटी के नोडल ऑफिसर डॉक्टर संदीप कुमार, डॉक्टर बसंत दूबे और विनोद कुमार की टीम गठित की गई। इसके बाद टीम ने एक प्रलोभन ग्राहक को तैयार किया। प्रलोभन ग्राहक की मदद से एजेंट अमित से संपर्क किया तो उसने बताया कि लिंग जांच करवाने के पैंतीस हजार लगेंगे और उसने 26 मार्च को सुबह सात बजे के आसपास सिविल अस्पताल करनाल के सामने बुलाया। इस संबंध में डॉक्टर संदीप कुमार ने डॉक्टर शीनू चौधरी नोडल ऑफिसर पीएनडीटी करनाल से संपर्क किया और मामले कि जानकारी दी। पीसीपीएनडीटी टीम ने प्रलोभन ग्राहक को 35 हजार रुपये दिए और अलग गाड़ी में बैठा दिया और उनका पीछा करने लगी। एजेंट अमित प्रलोभन ग्राहक को लेकर शामली जलालाबाद पहुंचा और एक पेट्रोल पंप पर रुक गए। फिर थोड़ी देर में एक बाइक पर दो एजेंट रजनीश और विजय राणा आए,एजेंट रजनीश ने 35 हजार रुपये लिए और प्रलोभन ग्राहक को अपनी बाइक पर बैठा लिया गया। उन्होंने बताया कि प्रलोभन ग्राहक को दिव्या पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, दिल्ली सहारनपुर रोड जलालाबाद शामली पर ले आए। फिर प्रलोभन ग्राहक का वहां मोहम्मद अदिम नामक व्यक्ति से अल्ट्रासाउंड करवाया। इसके बाद एजेंट ने अल्ट्रासाउंड करने वाले से बात की और प्रलोभन ग्राहक को बताया कि आपके गर्भ में लड़का है। इसके बाद एजेंट रजनीश प्रलोभन ग्राहक को वापिस गाड़ी के पास ले आया। प्रलोभन ग्राहक ने पास खड़ी पीएनडीटी टीम को इशारा किया और इसके बाद तुरंत टीम ने एजेंट रजनीश और गाड़ी में पहले से बैठे एजेंट अमित को पकड़ लिया। वहीं एजेंट विजय बाइक को लेकर आठ हजार रुपये के साथ फरार हो गया जो पैसे एजेंट रजनीश ने उसको 35 हजार में से दिए थे।

### टीम ने अल्ट्रासाउंड मशीन को सील किया

पूछताछ करने पर पता लगा कि अल्ट्रासाउंड करने वाला मोहम्मद अदिम था जो कि डॉक्टर नहीं है बल्कि एक्स रे मशीन संचालक है और बिना किसी योग्यता के अल्ट्रासांडड करके लिंग जांच कर रहा था। उन्होंने बताया कि सेंटर कि जांच करने पर पाया गया कि पीसीपीएनडीटी एक्ट एवं रूल्स के अनुसार रिकॉर्ड मेंटेन नहीं था और हॉस्पिटल में नियमानुसार फॉर्म-एफ भी नहीं भरे जा रहे थे। उन्होंने बताया कि विभागीय टीम ने अल्ट्रासाउंड मशीन को भी सील कर दिया। टीम ने एजेंट अमित, रजनीश, विजय राणा, मोहम्मद अदिम, डॉक्टर वसन पाल सिंह और अस्पताल के मालिक महिपाल सिंह राणा के खिलाफ पीसीपीएनडी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया गया।

## गिरदावरी का मिलान करने फिल्ड में उतरीं एसडीएम



**बेरी।** वीरवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने गांव गोच्छी, डीघल व धांधलान के खेतों में पहुंच कर फसल गिरदावरी का निरीक्षण किया व टैब से फसलों का मिलान किया। एसडीएम ने कहा है कि गिरदावरी खेती से जुड़ी एक अहम प्रक्रिया है, जो साल में दो बार रबी और खरीफ की फसल के दौरान की जाती है। इसमें फसल से संबंधित जानकारी को राजस्व विभाग में दर्ज किया जाता है, जैसे कितने रकबे में कितनी और कौन सी फसल की बुआई की गई है।

उन्होंने कहा कि पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी की जांच मौके पर जाकर की गई है और मिलान भी किया है कि पटवारी ने जो रिपोर्ट टैब में फीड की है वह सही है या नहीं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायगी।

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

धारूहेड़ा। विवाहिता को दहेज की मांग पर प्रताड़ति करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। गत वर्ष थाना क्षेत्र के गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए तंग करने के आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने काउंसलिंग के जरिए दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। बार-बार प्रयासों के बाद भी समझौता नहीं हुआ, तो पुलिस ने केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के हटूंडी निवासी बलबीर और उसके भाई रामकुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर 26 मार्च को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। घटना के कुछ समय बाद ही पुलिस ने राजस्थान बरवाड़ा निवासी गुलशन कुमार को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की गई है।

### राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

# भाषण में एमए जनसंचार की छात्रा नीलम प्रथम व अभिषेक दूसरे स्थान पर



झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- 'अच्छे स्वास्थ्य में योग तथा खेलों की भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में योग क्लब एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'अच्छे स्वास्थ्य में योग तथा खेलों की भूमिका' विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा नशा निषेध क्लब के तत्वाधान में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में एमए जनसंचार प्रथम वर्ष की छात्रा नीलम ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अभिषेक ने दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में एमए हिन्दी द्वितीय वर्ष की छात्रा कल्याणी ने पहला स्थान प्राप्त किया।

एमए हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा ज्योति दूसरे स्थान पर रही। एमए हिंदी प्रथम वर्ष की छात्रा टीना तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिताओं का निर्णय डॉक्टर श्रीकृष्ण दूहन, डॉक्टर कुलदीप, शिव शंकर और डॉक्टर मनोज कुमार ने किया।

#### नुक्कड़ नाटक लेखन में मंजू ने पाया पहला स्थान

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में नुक्कड़ नाटक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक क्षमता का प्रयोग करते हुए नशामुक्ति पर विभिन्न कहानियों की रचना करते हुए समाज में फैल रही नशे की लत पर सटीक प्रहार किया। एमए अंग्रेजी द्वितीय वर्ष की छात्रा मंजू ने पहला स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सविता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा राशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन प्राचार्य दलबीर सिंह ने किया। प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्रीकिशन चाहर, अंग्रेजी प्रवक्ता मंजीत और डॉक्टर जय प्रकाश ने किया। प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर पुष्पेंद्र कादियान, शिव शंकर और डॉक्टर टीना चावला ने किया।

# स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के प्रति किया जागरूक



झज्जर। शिविर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए योगाचार्या अरविंद गार्गी।

- सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्वदेशी के महत्व थीम पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांसड स्टडीज इन टीचर्स एजुकेशन की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्वदेशी के महत्व थीम पर चर्चा की गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को सशक्त बनाओ जैसे नारों द्वारा रैली लगाकर जागरूकता का संदेश दिया। वहीं योगाचार्या अरविंद गार्गी ने स्वदेशी पतंजलि समन्वयक, प्राकृतिक चिकित्सक एवं यज्ञोपवीत सुधारक झज्जर द्वारा स्वदेशी विषय पर व्याख्यान दिया। इसके अलावा डॉक्टर रीना तक्षक ने महिलाओं के उत्थान में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# निपुण भारत मिशन की जिला स्तरीय बैठक में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश

एंडलाइन सर्वे के परिणाम सभी को दिखाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के तहत निपुण भारत मिशन की जिला परियोजना क्रियान्वयन यूनिट की मार्च माह की समीक्षा बैठक वीरवार को शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पुनिया ने बताया कि बैठक की शुरुआत करते हुए मेंटर्स तथा अधिकारियों द्वारा की गई विज़िट संबंधी आंकड़ों को साझा किया गया। जिले के ऐसे हितधारकों की सूची भी दिखाई गई। जिन्होंने अपनी विजिट का लक्ष्य पूरा नहीं किया। बैठक में प्रवेश उत्सव यानि विद्यालयों में नामांकन को बढ़ाने के




झज्जर। बैठक के दौरान सम्मानित किए गए शिक्षक एवं विभागीय अधिकारी।

निर्देश दिए गए। सभी विद्यालयों में शिक्षण-अधिगम सामग्री समय से पहुंचाने, वार्षिक आंकलन के आधार पर रेमेडियल कार्यनीति बनाने, शिक्षकों को दीक्षा एप्प पर सभी कोर्स पूरे करने और संकुल स्तरीय बैठकों को सुदृढ़ बनाने का आह्वान भी किया गया। इसके अलावा राज्य द्वारा किए गए एंडलाइन सर्वे के परिणाम भी सभी को दिखाए गए। कक्षा पहली से तीसरी के विद्यार्थियों के लिए किए गए इस सर्वे में हिंदी तथा गणित विषयों में कुछ चयनित विद्यालयों के विद्यार्थियों का आकलन किया गया था। संपर्क संस्था द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 50 शिक्षकों, 20 विद्यालयों तथा 14 मैंटर्स को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में 27 विद्यार्थियों का चयन

- कार्यक्रम में एसडीएम रविंद्र यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

रिलायंस मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप तथा रिलायंस फाउंडेशन द्वारा एसआर संस्था के सहयोग से मिशन नवोदय के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय में चयनित बच्चों का प्रतिभा सम्मान समारोह का तीसा चबूतरा खाप पंचायत गांव सौंधी में किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम रविंद्र यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एसडीएम ने होनहार विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

वहीं सीएसआर प्रमुख कर्नल रोमेल राज्याण ने अपने संबोधन में रिलायंस द्वारा संचालित विभिन्न



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित होनहार विद्यार्थी, मुख्यातिथि एवं अन्य।

परियोजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिशन नवोदय कार्यक्रम के माध्यम से बादली विकास खंड क्षेत्र के बच्चों का नामांकन जेएनवी कलोई में बढ़ा है तथा उसका श्रेय मिशन सहयोग कार्यक्रम तथा उसकी सहयोगी संस्थाओं एसआरआई फाउंडेशन तथा शिक्षा रथ फाउडेंशन को जाता है। रिलायंस एमईटी के सीएसआर लीड लोकेश कापसे ने बताया कि रिलायंस मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप तथा रिलायंस फाउंडेशन द्वारा झज्जर तथा गुरूग्राम जिले के 12 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों दादरीतोए, सौंधी, याकूबपुर, लाडपुर, बादली, लोहट, मुबारिकपुर, कलोई, नंगला, निमाणा, बाढ़सा तथा जहांगीरपुर में चलाए गए मिशन नवोदय कोचिंग से 27 विद्याथियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय कलोई में हुआ है। रिलायंस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 6 वर्षो से मिशन नवोदय कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से 159 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है।

रिलायंस एमईटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीवल्लभ गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरूआत वर्ष 2018 में की गई थी। पिछले छह वर्षो के प्रयास से अभी तक बादली ग्रामीण क्षेत्र के 159 बच्चों का चयन हुआ है। इस अवसर पर संरपच निमाणा मलखान, सरपंच लोहट जयकरण, जोगेंद्र, जयप्रकाश, प्रवीन दहिया, मनोज, सुरेंद्र, पूनम, जोगेंद्र, संदीप, शिक्षा रथ फांउडेशन से संदीप ,कर्मबीर एवं रिलायंस से संजय गुलाटी, अक्षय धनखड़, राजकुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# दूसरे दिन भी आंगनबाड़ी वर्कर्स ने लघुसचिवालय परिसर में दिया धरना, सौंपा ज्ञापन की नारेबाजी






झज्जर। लघुसचिवालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए आंगनवाड़ी वर्कर्स अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए आंगनवाड़ी वर्कर्स।

- अगर सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती है तो धरना अनिश्चितकालीन भी हो सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न लंबित मांगों के पूरा नहीं होने से नाराज आंगनबाड़ी वर्कर्स व हैल्परों ने दूसरे दिन भी लघुसचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। यूनियन की जिला प्रधान बालेश जाखड़ ने बताया कि फिलहाल उनका धरना तीन दिवसीय है। अगर सरकार उनकी मांगें पूरी नहीं करती है तो धरना अनिश्चितकालीन भी हो सकता है। उन्होंने कहा उनकी उनकी प्रमुख मांग सभी वर्कर्स को न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये दिया जाए। इसके अलावा वर्कर्स व हैल्पर के खाली पदों को भरने के लिए 50 प्रतिशत प्रमोशन कोटा लागू करें व आयु सीमा को हटाया जाए। वर्कर से सुपरवाइजर की पदोन्नति बिना किसी परीक्षा के की जाए। सीईटी की शर्त को हटाया जाए। 2018 में की गई डेढ़ हजार रुपये व साढ़े सात सौ रुपये की घोषणा को लागू किया जाए। आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों का किराया हर माह दिया जाए तथा सितंबर 2022 से लगने वाली महंगाई भत्ते की किस्त को लागू किए जाने की मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो ताला बंद हड़ताल की शुरूआत की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी सरकार व विभाग की होगी।

# एच डी साल्हावास में प्रथम चरण का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

- 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 297 विद्यार्थियों को 86 हजार रुपये से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को एच डी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में प्रथम चरण का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें प्री- प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने अपने वर्षभर का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड प्राप्त किया और 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 297 विद्यार्थियों को 86 हजार रुपये से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एच डी ग्रुप चेयरमैन बलराज फौगाट ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित




झज्जर। होनहार प्रतिभागी स्कूल प्रबंधन समिति और स्टॉफ सदस्यों के साथ।

कर किया। नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्री प्राइमरी हेड सुमन मान ने बताया कि नर्सरी कक्षा से 29 विद्यार्थियों, एलकेजी कक्षा से 80 विद्यार्थियों, यूकेजी कक्षा से 83 विद्यार्थियों और पहली कक्षा से 105 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस मौके पर मुख्य अतिथि बलराज फौगाट ने सभी अभिभावकों को आश्वासन देते हुए बताया कि हम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्प है। कार्यक्रम के समापन पर 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र, शील्ड व आकर्षक इनाम देकर सम्मानित किया गया।

### श्री गोपाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

# श्री गोवर्धन महाराज, तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ..

- माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भगवान श्रीकृष्ण प्रकृति के सबसे बड़े रक्षक है, गोवर्धन पर्वत की रक्षा करके, उन्होंने दुर्लभ वनस्पतियों का संरक्षण किया। यह बात कथा वाचक बाल व्यास पुनीत महाराज ने श्री गोपाल मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। बाल व्यास महाराज ने कहा कि प्रकृति की रक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने श्रीकृष्ण लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी-कृष्ण विवाह, माखन चोरी की कथा श्रवण कराते कहा कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई। माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप का वर्णन किया। भगवान की महा रासलीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण बचपन में नटखट थे। महाराज ने गोवर्धन पूजा के कथा का वर्णन करते हुए कहा श्री



झज्जर। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करते हुए महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

कृष्ण ने बाबा एवं बृजवासियों से कहा जो पर्वत हमारे गायों को चारा देता है हरियाली देता है हम इसकी पूजा करें इंद्र की पूजा ना करें ऐसा कहकर उन्होंने सभी बृजवासियों को भगवान गोवर्धन नाथ पर्वत की पूजा करने के लिए कहा सभी बृजवासियों ने गोवर्धन जी की पूजा नाराज होकर इंद्र ने मेघ व वायु देव को कहा कि सभी बृजवासियों को तहस नहस कर दो जिस पर आंधी तूफान मूसलाधार वर्षा कर बृजवासियों को तहस-नहस करने लगे परंतु भगवान श्री कृष्ण ने बृजवासियों से कहा आप सभी इस पर्वत के नीचे आ जाएं और भगवान श्री कृष्ण ने सात दिन तक गोवर्धन कनिष्का उंगली पर बिना भोजन किए उठाकर रखा और सभी बृजवासी उसकी छाया में सुखपूर्वक रहे। इस दौरान श्री गोवर्धन महाराज, ओ महाराज,तेरे माथे मुकुट विराज रहेओ..तोपे पान चढ़े तोपे फूल चढ़े, तोपे चढ़े दूध की धार..भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

#### श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया

कथा व्यास ने श्री कृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनाया। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर अश्वनी पाहवा, वीरेंद्र शर्मा, हरबंस पोपली, दीपक बजाज, मधु सेठी, अनिता गिरोत्रा, संतोष शर्मा, आशु, भावना काठपालिया, इंदु भुगड़ा, पूनम छाबड़ा, संगीता वर्मा, किरण अरोड़ा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बैंक और ट्रेजरी कार्यालय 31 को मध्य रात्रि तक खुलेंगे

रेवाड़ी। वित्तीय वर्ष 2024-2025 के समापन पर सरकारी राशि का लेनदेन करने वाले विभिन्न बैंक व कोषागार देय भुगतान प्राप्त करने एवं वितरित करने के लिए 31 मार्च को मध्य रात्रि 12 बजे तक खुले रहेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने पंजाब वित्तीय नियम भाग-1 के नियम 3.40 नोट (5) एवं 3.65 (ए) अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि बैंक शाखा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रेवाड़ी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बावल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कोसली, एलडीएम पंजाब नेशनल बैंक रेवाड़ी, ट्रेजरी कार्यालय रेवाड़ी, सब-ट्रेजरी कार्यालय बावल व सब-ट्रेजरी कार्यालय कोसली 31 मार्च को रात 12 बजे तक खुले रहेंगे।

### आर्य समाज में नवसंवत उत्सव रविवार को

रेवाड़ी। शहर के सेक्टर-3 स्थित आर्य समाज भवन में रविवार 30 मार्च को प्रातः 8.30 बजे से वैदिक यज्ञ उपरांत विक्रमी संवत-2082 के शुभारंभ पर उत्सव का आयोजन किया जाएगा। आर्य समाज की प्रवक्ता सरोज यादव ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के प्रधान बुद्धदेव आर्य करेंगे।

**खोया-पाया**

मैं शिखा पत्नी संजय कुमार निवासी 118/25, शिव मंदिर गली कॉलोनी, मेन बाजार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करती हूं कि मेरी दुकान (दुकान नंबर-20, ओमेक्स सिटी, बहादुरगढ़) के Builder Buyer Agreement से जुड़े सभी ऑरिजनल दस्तावेज कहीं पर गुम हो गए हैं। जो काफी तलाश करने पर भी कहीं नहीं मिले। जिस किसी को ये दस्तावेज मिले तो उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

**खबर संक्षेप**

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाया फंदा

**झज्जर।** गांव गोयला कलां में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। परिजनों को पता चलने पर सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान करीब 31 वर्षीय सुनील कुमार के तौर पर की गई है। बताया जा रहा है कि सुनील मानसिक रूप से परेशान था। बाद में पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### सीटीएम ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम रविंद्र मलिक ने आमजन की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में बिजली, पानी, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और भूमि रिकॉर्ड आदि से जुड़ी समस्याएं दर्ज हुई। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

### पूर्व विधायक कौशिक को सौंपा ज्ञापन

**बहादुरगढ़।** औद्योगिक हब के रूप में विकसित बहादुरगढ़ में बढ़ती आबादी को देखते हुए पंडित लखमीचंद धर्मशाला समिति ने पूर्व विधायक नरेश कौशिक को ज्ञापन सौंपा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी व केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के नामित इस पत्र में बहादुरगढ़ को जिला बनाने की मांग उठाई गई है। कार्यकारिणी का कहना है कि यदि बहादुरगढ़ जिला बनता है तो यहां विकास तेजी से होगा।

## प्राइवेट बसों में यात्रियों को नहीं दी जाती टिकट

# निजी बसों की मनमानी से यात्रियों को हो रही परेशानी

न तो सरकार द्वारा दी जा रही रियायत की सुविधा पात्र यात्रियों को मिल रही है और न ही आम यात्रियों को टिकट दी जाती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

रोहतक-बहादुरगढ़ सहित अन्य रूटों पर चलने वाली कई निजी बसों में मनमानी की जा रही है। न तो सरकार द्वारा दी जा रही रियायत की सुविधा पात्र यात्रियों को मिल रही है और न ही आम यात्रियों को टिकट दी जाती है। यात्रियों द्वारा आए दिन इस संबंध में शिकायतें दी जाती हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती।

सरकार द्वारा निर्धारित किए गए नियमों की काफी प्राइवेट बसों में जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस वजह से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बहादुरगढ़ के निवासी मोहित का कहना है कि प्राइवेट बसों में यात्रियों को टिकट नहीं दी जा रही। दो दिन पहले वह प्राइवेट बस में सवार होकर रोहतक गए थे।

रास्ते में कंडक्टर ने किराया तो लिया, लेकिन टिकट नहीं दी। न तो उसके पास टिकट काटने वाली डिजिटल मशीन थी और न ही स लिप थी। उससे टिकट के बारे में कहा तो बोला कि हम टिकट नहीं काटते, हमारे यहां तो ऐसा ही सिस्टम चलता है।

### दुर्घटना हो जाए तो यात्री कहां क्लेम करे



दैनिक यात्री सतपाल ने कहा कि एक तरह से यह टैक्स चोरी का तो प्रयास है ही, साथ ही यात्रियों के अधिकारों का भी हनन है। यदि सफर के दौरान बस में किसी यात्री का सामान छूट जाए तो वह क्या करे। इसके अलावा कोई दुर्घटना हो जाए तो यात्री कहां क्लेम करे। बसों में टिकट तो काटी जानी ही चाहिए। जिस तरह से रोडवेज बसों की जांच की जाती है, वैसे ही इन प्राइवेट बसों में भी टिकटों की जांच होनी चाहिए। टिकट न देने वाली बस ऑप्रेटरों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं, रोडवेज कर्मी खुद इनकी मनमर्जी से परेशान हैं।

### टाइम टेबल के हिसाब से नहीं चलती निजी बसें

कर्मचारी कहते हैं कि ज्यादातर निजी बसें टाइम टेबल के हिसाब से नहीं चलती और न ही उनमें यात्रियों को सरकार द्वारा दी जा रही छूट की सुविधा मिलती है। आए दिन हैप्पी कार्ड धारक बुजुर्ग तथा छात्राएं शिकायत लेकर पहुंची है। ज्यादातर शिकायतें बुरे बर्ताव व सुविधा न देने की होती हैं। परिवहन निगम के एक अधिकारी की मानें तो रोजाना बहादुरगढ़ सब डिपो में दो से तीन शिकायत आती हैं। इन शिकायतों को आरटीओ आफिस में भेज दिया जाता है, क्योंकि इन मामलों में कार्रवाई उसी विभाग की बनती है। बेशक इस मामले में ध्यान देते हुए सख्ती से कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।

## बेहतर परिणाम लाने वाली छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। अतिथियों व शिक्षकों संग उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं।

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयल में वीरवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। कक्षा नौवीं व 11वीं की छात्राओं ने विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्तम अंक हासिल किए।

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि इस कार्यक्रम में शिरकत की और बेहतर परिणाम लाने वाली बच्चियों को पारितोषिक देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस दौरान छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक गतिविधियां भी प्रस्तुत की गई। लोक नृत्य व अन्य कलाओं के जरिये अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल प्रवीण की देखरेख में यह कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी, बीआरसी शेर सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षाविद् राज डबास, देवव्रत, एमएमसी लक्ष्मी, अंकिता सहित स्कूल स्टाफ सदस्य इस अवसर पर मौजूद रहे। सभी ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और समाजहित में काम करने को प्रेरित किया।

## बेहतर काम करने पर मिला सम्मान

**बहादुरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छारा में नर्सिंग ऑफिसर ममता को चरक प्रोजेक्ट की तरफ से सम्मानित किया गया है। बेहतर काम करने पर उन्हें यह सर्टिफिकेट दिया गया। वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी उनकी सराहना की है। अधिकारियों ने कहा कि यह यह सम्मान/सर्टिफिकेट उनकी मेहनत और लगन को दर्शाता है। निश्चित ही उन्हें देखकर अन्य स्टाफ भी मोटिवेट होगा। वहीं, ममता ने कहा कि लोगों की स्वास्थ्य सेवा करना हमारा दायित्व है। हम सभी को अपने इस दायित्व का निर्वाह ईमानदारी से करना चाहिए।



बहादुरगढ़। नर्सिंग ऑफिसर ममता को सर्टिफिकेट देते डॉक्टर।

## बैठक में पहुंचे मात्र तीन पंच

**बहादुरगढ़।** गांव छारा में सरपंच के चुनाव को लेकर बुलाई गई पंचों की बैठक रद्द हो गई। बैठक में 20 में से मात्र तीन पंचों ने ही भाग लिया। ऐसे में कोरम पूरा न होने की वजह से विस्तार अधिकारी एसईपीओ पूनम ने बैठक को रद्द कर दिया। अब नए सिरे से बैठक की तारीख निर्धारित की जाएगी। बैठक सिरे न चढ़ने की वजह से करीब एक माह से गांव छारा के सरपंच का पद खाली है।गांव की महिला सरपंच जया को जिला उपायुक्त ने गत 25 फरवरी को निलंबित कर दिया था। साथ ही उपायुक्त ने आदेश दिए थे कि गांव में पंचों का बहुमत रखने वाले पंच को सरपंच का पदभार सौंपा जाए। इसको लेकर कई बार बैठक की तारीख निर्धारित कर रखी है लेकिन अब तक सरपंच का चुनाव नहीं हो सका है। इसी सिलसिले में वीरवार को भी गांव की चौपाल में बैठक बुलाई गई थी लेकिन इस बैठक में 20 में से मात्र तीन पंचों ने ही भाग लिया। एसईपीओ पूनम ने बताया कि बैठक में पंचों का कोरम पूरा नहीं हुआ। अब नए सिरे से बैठक की तारीख निर्धारित की जाएगी। इसके बाद सभी पंचों को सूचित कर दिया जाएगा। सरपंच का कार्यभार उसी पंच को दिया जाएगा जो अनुसूचित जाति से हो और पंचों का बहुमत रखता हो।

## आत्मरक्षा व यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में भावी अध्यापिकाओं के लिए आत्मरक्षा व यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समस्त दीप प्रज्वलित करके की गई।

इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता एसएचओ नीलम व हेड कांस्टेबल टीना रहीं। इन्होंने भावी अध्यापिकाओं के साथ विषय से संबंधित अपने अनुभव और महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने मुख्य वक्ताओं को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यशाला का उद्देश्य भावी अध्यापिकाओं व स्टाफ सदस्यों को यौन उत्पीड़न की रोकथाम, आत्मरक्षा के उपायों और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। एसएचओ नीलम ने कहा कि यौन उत्पीड़न किसी भी व्यक्ति की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला गैर-स्वीकार्य व्यवहार है। इसमें शारीरिक, मौखिक और अशाब्दिक व्यवहार शामिल हो सकते हैं। इसका विरोध करना चाहिए। घटना की सूचना देने में संकोच न करें और तुरंत सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन का उपयोग करें। एचसी टीना ने छात्राओं को आत्मरक्षा तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने भावी अध्यापिकाओं को प्रेरित किया कि वे निडर होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में योगदान दें। प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हरासमेंट सेल की प्रभारी प्रीत कमल ने सभी का धन्यवाद किया। एएसआई सरला व पूनम, एचसी आशा, एसपीओ रजनी आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्राचार्या, एसएचओ व अन्य। फोटो: हरिभूमि




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेविकाओं व महिलाओं के साथ चर्चा करते हुए सविता मलिक। फोटो: हरिभूमि

## स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीण महिलाओं के साथ की सामाजिक मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

इंदिरा प्रियदर्शनी महिला महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने ग्रामीण महिलाओं के साथ सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम में महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी सविता मलिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं व स्वयंसेविकाओं के साथ चर्चा करते हुए समाज में महिलाओं के अधिकार कर्तव्यों की जानकारी दी।

वहीं दहेज प्रथा, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह आदि के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉक्टर सविता अहलावत, डॉक्टर सुदेश अहलावत सहित अन्य भी मौजूद रही।

## विद्यार्थियों के सामाजिक विकास पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- छारा स्थित चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन

गांव छारा स्थित चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप संपन्न हो गया। समापन कार्यक्रम में पंडित नेकीराम कॉलेज रोहतक से रिटायर्ड प्रिंसिपल वेद प्रकाश श्योराण ने शिरकत की। कार्यकारी प्रचार्या डॉ. अनीता दलाल व एनएसएस को-ऑर्डिनेटर ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का सामाजिक विकास उनके समग्र व्यक्तित्व के निर्माण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह न केवल उनकी शैक्षणिक सफलता बल्कि उनके सामाजिक जीवन और भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए भी आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि परिवार पहला स्कूल होता है, जहां बच्चा सामाजिक व्यवहार सीखता है। माता-पिता का व्यवहार, घर का माहौल और सामाजिक परिवेश विद्यार्थी के विकास को प्रभावित करते हैं। इसके अलावा दोस्तों और समुदाय की भी बड़ी भूमिका होती है। विद्यार्थियों का सामाजिक विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो उन्हें न केवल एक अच्छा नागरिक बनाती है, बल्कि उन्हें जीवन में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करती है।

शिक्षिका ललिता ने उनका महाविद्यालय पहुंचने और बच्चों के साथ अपने विचार सांझा करने के लिए धन्यवाद किया। इससे पहले कैंप में असिस्टेंट प्रोफेसर सुनीता छिलर और डॉ. सीमा धनखड़ ने भी एक्सटेंशन लेक्चर दिया। डॉ. संजय देसवाल, देवेंद्र, डॉ. जयंत, मोहित, मोनिका, ज्योति डॉ. ललिता, लोकेश आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता, कॉलेज स्टाफ के साथ विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि



झज्जर। रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

## कैंसर पीड़ितों के लिए लगाए शिविर में 34 युवाओं ने किया रक्तदान

**झज्जर।** गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्चर एंड टाउन प्लानिंग कबलाना, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा कॉलेज में कैंसर पीड़ितों के लिये रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 34 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्त एकत्रित करने कर कार्य एनएसीआई, एम्स बाढ़सा के रक्तकोष की टीम ने किया। कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर देवल कुमार राजवंशी मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कॉलेज के विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रोहत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से स्ट्रेस कम होता है और भावनात्मक रूप से मजबूत महसूस होते है। संस्था आईवीएफ से पूनम देशवाल ने सभी रक्तदाताओं को बैच लगाकर हौंसला बढ़ाते हुए कहां कि रक्तदान से शरीर में कैंसर होने का खतरा कम होता है।

## शहीदों के सपनों को पूरा करना हम सब का दायित्व : जांगड़ा


**बेरी।** वीरवार को गांव बाकरा में एक दीप देश की आजादी के महानायकों, स्वतंत्रता सेनानियों और अमर वीर शहीदों के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत शहीद दिलीप सिंह स्मारक पर देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक व स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के सदस्य डॉक्टर आर के जांगड़ा ने देश की आजादी के महानायकों नेताजी सुभाष चंद्र बोस, वीर सावरकर, लाला लाजपत राय, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, 1857 की क्रांति के जनक राव तुलाराम, भारत-पाक युद्ध 1971 के शहीद दलीप सिंह एवं सभी वीर शहीदों की याद में दीप जलाकर, पुष्प वर्षा के साथ भारत माता की जय,वंदे मातरम और जय हिंद के उद्घोष के साथ नमन किया। उन्होंने कहा शहीदों का बलिदान और राष्ट्रगीत किसी भी देश की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान के महत्वपूर्ण प्रतीक है जो आने वाली पीढ़ियों के लिए धरोहर के रूप में देखे जाएंगे। उन्होंने कहा शहीदों के सपनों को पूरा करना हम सब का दायित्व बनता है।



बेरी। वीरांगना माता नैना देवी को सम्मानित कर पैर छूकर आशीर्वाद लेते हुए डॉक्टर आर के जांगड़ा। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## शहर में लोहे के खंभे बदलने की मांग

**बहादुरगढ़।** शहर में अब भी कुछ स्थानों पर लोहे के खंभे लगे हुए हैं। बिजली के ये लोहे के खंभे खतरा बने हुए हैं। गत 25 मार्च की देर शाम को भी यहां मेन बाजार में एक बच्ची को लोहे के खंभे से करंट का झटका लगा। गनीमत रही कि समय रहते बच्ची खंभे के संपर्क से दूर हो गई। इसके अलावा पहले भी बहादुरगढ़ में इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। मेन बाजार के दुकानदार रमन शर्मा ने बताया कि कुछ समय पहले इस खंभे को हटवाने की मांग उठी थी।

बिजली निगम के अधिकारियों ने इस पर संज्ञान भी लिया, लेकिन फिर जेई के ट्रांसफर के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। करंट की घटनाओं के चलते ही निगम की ओर से लोहे के खंभे हटवा कर कंक्रीट के खंभों का इस्तेमाल शुरू हुआ था, लेकिन अब भी शहर में कई जगहों पर लोहे के पुराने खंभे खड़े हैं। इन खंभों पर तारों का जाल बना हुआ है। ऐसे में हादसे की आशंका बनी रहती है। निगम के अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

### एमटेक, बीटेक और बीबीए के परीक्षा परिणाम घोषित

## सत कबीर कॉलेज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एमडीयू द्वारा घोषित एमटेक, बीटेक और बीबीए के परीक्षा परिणाम में सत कबीर कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। बेहतर परिणाम आने पर कॉलेज प्रबंधन और विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। संस्था के चेयरमैन डॉ. हरकिशन छिल्लर व सचिव दया किशन छिल्लर ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को बधाई दी।

एमटेक थर्ड सेमेस्टर में इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग का परीक्षा परिणाम 84, सिविल इंजीनियरिंग फर्स्ट सेमेस्टर में ट्रांसपोर्ट इंजीनियरिंग और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में रिजल्ट 75 और 78 प्रतिशत रहा। कंप्यूटर इंजीनियरिंग एमटेक फर्स्ट सेम का परीक्षा परिणाम 76 पर्सेंट रहा। इसी प्रकार बीटेक में सिविल इंजीनियरिंग सातवें सेमेस्टर का 88, पांचवें का 84, मैकेनिकल इंजीनियरिंग सातवें का 70, तीसरे का 75 प्रतिशत रहा। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में सातवें सेम का 88 और तीसरे का 75, कंप्यूटर इंजीनियरिंग में सातवें सेम का 65 तथा तीसरे सेम का परिणाम 65 फीसद रहा। चेयरमैन डॉ. हरकिशन छिल्लर व सचिव दयाकिशन छिल्लर ने सभी विद्यार्थियों व प्राध्यापकों का मुंह मीठा कराया। कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ. नवीन कुमार ने भी सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी। डॉ. राजीव गोयल, मनोज टांडाहेड़ी, हीरालाल, मुकेश, सुमित दलाल, पुनीत, भूपेंद्र, तरुण, मोहित, मंजू, मीनाक्षी, रेणु, सुमिरन, रीतू, मोनिका, मीनाक्षी, ललित, देवेंद्र, अनीता, भारती, अमित तेहलान, निशांत व हिमांशु आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। बेहतर परिणाम आने पर खुशी जताते, चेयरमैन, कॉलेज स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी।